पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने जिला कारागार नैनी पहुंचकर महिला बंदियों व उनके बच्चों के साथ किया संवाद

महिलाओं बंदियों के बच्चों को शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेल-कूद के द्वारा आगे बढ़ाने का करें प्रयास
-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ: 25 सितंबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने प्रयागराज भ्रमण के दौरान आज विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में जिला कारागार नैनी पहुंचकर वहां पर महिला बंदियों से संवाद किया तथा महिला बंदियों के बच्चों से बात भी की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने महिला बंदियों से कहा कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई अवश्य करायें। बच्चा जब छः साल से ऊपर हो जाये, तो उसे अपने साथ न रखकर पढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने महिलाओं से कहा कि जहां पर भी उनका परिवार हो, बच्चों को वहां पर भेजे दें, जिससे बच्चे आगे की पढ़ाई कर सकें। उन्होंने कहा कि जहां पर भी उनके बच्चे पढ़ें, उस विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक का नम्बर अपने पास अवश्य रखें, जिससे वे अपने बच्चों के स्कूल टीचरों से बात कर उनके पढ़ाई के बारे में जानकारी ले सके। उन्होंने महिला बंदियों से कहा कि जब आपकी सजा पूरी होने के बाद अपने बेटे-बेटियों को अच्छा संस्कार देने , और उन्हें समाज में अच्छे से अपना जीवन आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिला बंदियों से जोर देकर कहा कि जेल से छूटने के बाद अपने अंदर कोई बदले की भावना न रखें, संयमित और अच्छे जीवन का संकल्प लेकर ही यहां से बाहर जायें।

राज्यपाल जी ने अधिकांशतः दहेज उत्पीड़न से सम्बंधित प्रकरणों में निरूद्ध महिला बंदियो से कहा कि वे दहेज जैसी कुप्रथा को छोड़कर आगे बढ़ने, दहेज का लेन- देन न करने प्रण लें । उन्होंने यही बात बच्चों को भी समझाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जेल प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि जिन महिलाओं के बच्चे यहां पर हैं, उनको खेल-कूद, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा बढ़ावा देने का प्रयास करें।

ज्ञातव्य है की राज्यपाल जी अपने दो दिवसीय दौरान जनपद प्रयागराज में स्थित राज्य विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों के अतिरिक्त निरीक्षण कार्यों और समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता भी कर रही हैं।

राम मनोहर त्रिपाठी ,सहायक निदेशक/
डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361